J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.03.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University organized a free Health Camp for staff and students




Deepti Arora
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD** : With a view to creating awareness about health issues, the Health Centre of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad in collaboration with QRG Hospital, Faridabad organized a free Health Check-up Camp in the University premise. A team of doctors from QRG Hospital including Dr. Sakshi Chaudhary, Cardiologist, Dr. Alka Chaudhary, Senior Dietician, and Dr. Riya Raghav, Psychologist visited the camps and conducted the camp. The Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar appreciated the efforts made by the Health Centre for conducting a health awareness program for the benefit of University students and staff. The program was successfully organized under the guidance of Dr. Ankur Sharma, Medical Officer, and coordinated by the staff of the Health Centre. Registrar Dr. S.K. Garg also took a round and inspected the camp.

**NEWS CLIPPING:29.03.2023**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



*कर्मचारी की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सक।*

फरीदाबाद, 29 मार्च (ब्यूरो): स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर क्यूआरजी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी चौधरी, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ डॉ. अलका चौधरी और मनोविशेषज्ञ डॉ. रिया राघव शामिल रहीं, ने शिविरों का दौरा किया और शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफ लतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। क्यूआरजी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावा, डॉ. रिया राघव ने विद्यार्थियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की, विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थी के लिए जोकि अपने घरों से दूर रहते हैं और बहुत अधिक भावनात्मक और मानसिक तनाव झेलते हैं।

**NEWS CLIPPING:29.03.2023**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद, 29 मार्च (रैपको न्यूज)।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के



उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर क्यूआरजी अस्पताल के चिकित्सकों की एक



टीम जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी चौधरी, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ डॉ. अलका चौधरी और मनोविशेषज्ञ डॉ. रिया राघव शामिल रहीं, ने शिविरों का दौरा किया और शिविर का संचालन किया।

कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया।

क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावा, डॉ. रिया राघव ने विद्यार्थियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की, विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थी के लिए जोकि अपने घरों से दूर रहते है और बहुत अधिक भावनात्मक और मानसिक तनाव झेलते हैं। विश्वविद्यालय का चिकित्सा केन्द्र समय-समय पर प्रतिष्ठित अस्पतालों के साथ विद्यार्थियों के लिए मनोरोग शिविर तथा मनोवैज्ञानिक सत्रों का आयोजन करता है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।